# अभ्यास प्रश्न पत्र  कक्षा: 8) विषय: विज्ञान

**प्रश्न अ. सही विकल्प चुनकर लिखिए: (5 x 1 = 5 अंक)**

1. नाइट्रोजन स्थिरीकरण में सहायता करने वाला जीवाणु है:
   (क) लैक्टोबैसिलस (ख) राइजोबियम (ग) यीस्ट (घ) मोल्ड
2. निम्नलिखित में से कौन-सा एक 'अधातु' है जो द्रव अवस्था में पाया जाता है?
   (क) पारा (ख) ब्रोमीन (ग) आयोडीन (घ) क्लोरीन
3. कोशिका की खोज किसने की थी?
   (क) रॉबर्ट हुक (ख) एडवर्ड जेनर (ग) लुई पाश्चर (घ) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
4. घर्षण बढ़ाने का एक तरीका है:
   (क) तेल लगाना (ख) सतह को चिकना करना (ग) टायरों को खाँचेदार बनाना (घ) पाउडर छिड़कना
5. एक 'कंपन' प्रति सेकंड को क्या कहते हैं?
   (क) 1 डेसिबल (ख) 1 हर्ट्ज़ (ग) 1 पास्कल (घ) 1 न्यूटन

**प्रश्न ब. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:(5 x 2 = 10 अंक)**

11. फसल काटने की प्रक्रिया को _________ कहते हैं।
12. _________ ध्वनि निर्वात (Vacuum) में संचरित नहीं हो सकती।
13. वह न्यूनतम ताप जिस पर कोई पदार्थ जलने लगता है, उसका _________ कहलाता है।
14. संकटापन्न स्पीशीज का रिकॉर्ड _________ बुक में रखा जाता है।
15. लोहे पर जंग लगना एक _________ परिवर्तन है।

**प्रश्न स. मिलान कीजिए (Match the following):( अंक = 5 )**

16. खरीफ फसल | (A) यूरिया एवं सुपर फास्फेट
17. उर्वरक | (B) प्रोटोजोआ
18. मलेरिया | (C) धान एवं मक्का
19. बाह्य निषेचन | (D) मादा एडिस मच्छर
20. डेंगू का वाहक | (E) मेंढक

**प्रश्न द. ' (अति लघु उत्तरीय प्रश्न) (5 x 3 = 15 अंक)**

21. किण्वन (Fermentation) किसे कहते हैं? इसकी खोज किसने की थी?
22. खाद (Manure) और उर्वरक (Fertilizer) में दो मुख्य अंतर लिखिए।
23. आघातवर्धनीयता (Malleability) और तन्यता (Ductility) को परिभाषित कीजिए।
24. 'अग्निशामक' (Fire Extinguisher) किस प्रकार आग को नियंत्रित करता है?

25 कोशिका के किन्हीं दो अंगों (Cell Organelles) के नाम और उनके कार्य लिखिए।

**प्रश्न य. ' (लघु उत्तरीय प्रश्न) (5 x 3 = 15 अंक)**

26.खरपतवार क्या है? हम इनका नियंत्रण कैसे कर सकते हैं?

27. वैक्सीन (टीका) हमारे शरीर में किस प्रकार कार्य करती है?
28. हमें कागज़ की बचत क्यों करनी चाहिए? उन कार्यों की सूची बनाइए जिनके द्वारा आप कागज़ बचा सकते हैं।
29. 'तरल घर्षण' (Fluid Friction) क्या है? पक्षियों और मछलियों की आकृति विशेष प्रकार की क्यों होती है?

30.विद्युत धारा के रासायनिक प्रभाव से आप क्या समझते हैं?

**प्रश्न व.' (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)(4 x 5 = 20 अंक)**

31. पादप कोशिका का नामांकित चित्र बनाइए और इसके तीन प्रमुख भागों का वर्णन कीजिए।
32. कायांतरण (Metamorphosis) किसे कहते हैं? मेंढक के जीवन चक्र के विभिन्न चरणों को चित्र द्वारा समझाइए।
33. किशोरावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक परिवर्तनों का विस्तार से वर्णन कीजिए।
34. "दाब" (Pressure) की परिभाषा दीजिए। बल, क्षेत्रफल और दाब के बीच संबंध को सूत्र द्वारा स्पष्ट कीजिए।